भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3067

जिसका उत्तर 06.08.2026 को दिया जाना है

एनएचएआई पर बकाया ऋण

3067. डॉ. गुम्मा तनुजा रानी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 31 मार्च, 2026 की स्थिति के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के बकाया ऋण तथा ऋण के पूर्व-भुगतान के माध्यम से अर्जित ब्याज बचत का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने ऋण में कमी के उपायों का, आंध्र प्रदेश में नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं प्रदान करने की गति पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) 31 मार्च 2026 तक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के बकाया ऋण का विवरण इस प्रकार है:

i. बॉन्ड - ₹ 1,96,217 करोड़

ii. सावधि ऋण - ₹ 6,059 करोड़

iii. कुल बकाया ऋण - ₹ 2,02,276 करोड़

ऋण के पूर्व भुगतान के माध्यम से अर्जित ब्याज बचत ₹ 34,369 करोड़ है।

(ख) और (ग) एनएचएआई द्वारा जुटाया गया ऋण/ पूर्व भुगतान राज्य/परियोजना विशिष्ट नहीं अपितु प्राधिकरण को सौंपे गए समग्र परियोजनाओं के लिए है। ऋण में कमी के उपायों के कारण परियोजना कार्यान्वयन या परियोजनाओं के सौंपे जाने की गति पर कोई तत्काल प्रभाव नहीं पड़ा है। भविष्य में, ऋण में कमी से परियोजनाओं पर किए जाने वाले व्यय को पूरा करने के लिए निधि उपलब्ध होगी।

*****